# विस्तृत विज्ञापन

छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर के पत्र क्रमांक एफ 2–08/2021/सात–4 नवा रायपुर दिनांक 28 मार्च 2024 में दिये गये निर्देशानुसार सीधी भर्ती के रिक्त पदों को भरने की सहमति दिये जाने के उपरांत आनलाईन आवेदन छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर के वेबसाईट vyapamcg.cgstate.gov.in पर आमंत्रित किये जाते है । पदों की संख्या परिवर्तनीय है । रिक्त पदों की संख्या एवं वेतनमान निम्नुसार है:–

| स.क्र. | पद का नाम | शासकीय मुद्रणालय रायपुर हेतु रिक्त पदो का विवरण | | | | | शासकीय मुद्रणालय राजनांदगांव हेतु रिक्त पदो का विवरण | | | | | कुल पदो का योग | वेतन मैट्रिक्स मे लेवल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनारक्षित | अ.जाति | अ.ज. जाति | अ.पि.वर्ग | योग | अनारक्षित | अ.जाति | अ.ज. जाति | अ.पि. वर्ग | योग | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | कापी होल्डर | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 2 | लेवल 4 |
| 2 | प्लेट मेकर | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | लेवल 4 |
| 3 | ग्रेनिंग मशीन आपरेटर | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | लेवल 4 |
| 4 | फास्ट डिजिटल प्रिंटर आपरेटर | 1 | 0 | 1 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | लेवल 4 |
| 5 | कनिष्ठ सिंगल कलर मशीन आपरेटर | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 1 | लेवल 4 |
| 6 | सिंगल कलर सीटफेड आपरेटर | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | लेवल 4 |

| स.क्र. | पद का नाम | शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय राजनांदगांव हेतु रिक्त पदो का विवरण | | | | | कुल पदो का योग | वेतन मैट्रिक्स मे लेवल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनारक्षित | अ.जाति | अ.ज.जाति | अ.पि.वर्ग | योग | | |
| 1 | 2 | | | 8 | 9 | 11 | 13 | 14 |
| 7 | ट्रेसर/रिटेचर/पेस्टर | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | लेवल 4 |

| स.क्र. | पद का नाम | शासकीय मुद्रणालय रायपुर हेतु रिक्त पदो का विवरण | | | | | शासकीय मुद्रणालय राजनांदगांव हेतु रिक्त पदो का विवरण | | | | | कुल पदो का योग | वेतन मैट्रिक्स मे लेवल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनारक्षित | अ.जाति | अ.ज. जाति | अ.पि.वर्ग | योग | अनारक्षित | अ.जाति | अ.ज. जाति | अ.पि. वर्ग | योग | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 8 | जूनियर रीडर | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | लेवल 6 |

संयुक्त संचालक
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री
अटल नगर, नवा रायपुर

# विभागीय नियम एवं शर्ते

(1) (अ) सेवा श्रेणीः— तृतीय श्रेणी (अलिपिकीय)

(ब) वेतनमान :—

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कापी होल्डर | वेतन बैण्ड रू 5200—20200 ग्रेड पे 1900/— वेतन मैट्रिक्स लेवल 4 |
| 2 | प्लेट मेकर | |
| 3 | ग्रेनिंग मशीन आपरेटर | |
| 4 | फास्ट डिजिटल प्रिंटर आपरेटर | |
| 5 | कनिष्ठ सिंगल कलर मशीन आपरेटर | |
| 6 | सिंगल कलर सीटफेड आपरेटर | |
| 7 | ट्रेसर/रिटेचर/पेस्टर | |
| 8 | जूनियर रीडर | वेतन बैण्ड रू 5200—20200 ग्रेड पे 2400/— वेतन मैट्रिक्स लेवल 6 |
| टीपः—छ.ग.शासन द्वारा समय—समय पर प्रसारित आदेशानुसार मंहगाई भत्ता एवं अन्य | | |

(2) न्यूनतम शैक्षणिक योग्यताः—

| पदनाम | न्यूनतम आयु | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|
| कापी होल्डर | 21 वर्ष | हायर सेकण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण होनी चाहिए एवं अंग्रेजी तथा हिन्दी दोनो का अच्छा ज्ञान होना चाहिए । |
| प्लेट मेकर | 21 वर्ष | हायर सेकण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण होनी चाहिए एवं प्लेट मेंकिंग कक्ष में कार्य करने के अनुभव के साथ विभिन्न प्रकार की प्लेट बनाने की क्षमता होनी चाहिए तथा प्लेट मेंकिंग कक्ष में उपयोग में आने वाले केमिकल्स के उपयोग की जानकारी होनी चाहिए । |
| ग्रेनिंग मशीन आपरेटर | 21 वर्ष | हायर सेकण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण होनी चाहिए एव ग्रेनिंग मशीन के संचालन का 3 वर्ष का अनुभव होना चाहिए । |
| फास्ट डिजिटल प्रिंटर आपरेटर | 21 वर्ष | हायर सेकण्डरी परीक्षा उत्तीय होनी चाहिए एवं विभिन्न प्रकार की डिजिटल मशीनों का 3 वर्ष का व्यवहारिक अनुभव होना चाहिए । |
| कनिष्ठ सिंगल कलर मशीन आपरेटर | 21 वर्ष | हायर सेकण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण होनी चाहिए एवं विभिन्न आकार एवं प्रकार की आफसेट मशीनों के संचालन की योग्यता होनी चाहिए तथा 3 वर्ष का व्यवहारिक अनुभव होना चाहिए । |
| सिंगल कलर सीटफेड आपरेटर | 21 वर्ष | हायर सेकण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण होनी चाहिए एवं किसी अत्याधुनिक ख्याति प्राप्त प्रेस से मुद्रण संबंधी विभिन्न प्रकार के आफसेट मशीन संचालन का तीन वर्ष का व्यवहारिक अनुभव होना चाहिए। |
| ट्रेसर/रिटेचर/पेस्टर | 21 वर्ष | 1.हायर सेकण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण होनी चाहिएं।<br>2.ड्राईंग इलेमेन्ट्री में इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए ।<br>3.किसी आफसेट मुद्रणालय में रिट्रेचर/पेस्टर/ट्रेसर का कार्य करने का 3 वर्ष का अनुभव होना चाहिए । |
| जूनियर रीडर | 18 वर्ष | 1.हायर सेकण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए।<br>2.पुफ वाचक के कार्य की पूर्ण जानकारी होनी चाहिए तथा हिन्दी और अंग्रेजी में प्रुफ पढ़ने की योग्यता होनी चाहिए।<br>3.टाईप फेसेज तथा आकारों की जानकारी होनी चाहिए।<br>4.प्रुफ वाचक का तीन वर्ष का अनुभव होना चाहिए। |
| **टीपः—उपरोक्त शैक्षणिक अहर्ता में अनुभव का आशय नियोक्ता से प्राप्त प्रमाण पत्र के संबंध में है।** | | |

संयुक्त संचालक
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री
अटल नगर, नवा रायपुर

(3) **आयु सीमा :–**

आयु सीमा की गणना सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना दिनांक 21.6.2013 में दिये गये प्रावधानों के अंतर्गत दिनांक 1.1.2025 को उपरोक्तानुसार आयु पूर्ण कर ली हो तथा 35 वर्ष से अधिक न हो । अधिकतम आयु सीमा में छूट राज्य शासन के प्रचलित नियमों एवं निर्देशो के अनुसार देय होगी ।

(4) **भर्ती का तरीकाः–** व्यावसायिक परीक्षा मण्डल से प्राप्त प्राप्तांक के आधार पर विभाग द्वारा चयन सूची जारी की जावेगी तथा अनुभव प्रमाण पत्र के सत्यापन उपरांत सही पाए जाने पर नियुक्ति की जावेगी । यदि किसी अभ्यर्थी की चयन सूची में प्रथम स्थान पर नाम है और उसके पास चाही गई अनुभव नहीं होने की स्थिति में नियुक्ति हेतु उसकी अभ्यर्थिता समाप्त हो जावेगी ।

(5) **प्रतियोगी परीक्षा हेतु पाठ्यक्रमः–** परीक्षा हेतु पाठ्यक्रम व्यापम के वेबसाईट में प्रदर्शित की जावेगी। परीक्षा में वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न होंगे, जो निम्नानुसार हैः–

भाग– 1 अंग्रेजी भाषा का ज्ञान

भाग– 2 हिन्दी भाषा का ज्ञान

भाग– 3 छत्तीसगढ सामान्य ज्ञान

भाग– 4 बौद्धिक क्षमता

(6) **सीधी भर्ती हेतु शर्ते**

1 अभ्यथी को छत्तीसगढ. राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है ।

2 अभ्यर्थी के पास उपरोक्त आवश्यक शैक्षणिक अर्हताओं/अनुभवों एवं अन्य अर्हता ऑनलाईन आवेदन करने हेतु निर्धारित अंतिम तिथि तक धारित करना आवश्यक है।

3 समान अंक प्राप्त होने की स्थिति में अभ्यर्थियों की जन्मतिथि को आधार मानकर वरीयता का निर्धारण किया जावेगा, जिन अभ्यर्थियों की जन्मतिथि पहले की होगी उन्हे वरीयता प्रदान की जावेगी । जिन अभ्यर्थियों के अंक एवं आयु समान होंगे उनकी वरीयता अंग्रेजी के वर्णमाला के अनुसार निर्धारित की जावेगी ।

4 सम्पूर्ण प्रतीक्षा सूची सहित मेरिट सूची परीक्षा परिणाम घोषित होने की तिथि से एक वर्ष तक के लिये मान्य होगी तथा इस अवधि में नये स्वीकृत पदों या किसी भी कारण से हुए रिक्त पदों की भर्ती इसी प्रतीक्षा सूची से की जा सकेगी ।

5 व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा प्राप्तांक सूची वेबसाईट पर प्रदर्शित की जावेगी । चयन हेतु अभ्यर्थी की पात्रता/अपात्रता के संबंध में अंतिम निर्णय लेने का अधिकार नियोक्ता को होगा। शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव प्रमाण पत्र के परीक्षण हेतु 1 पद के विरूद्ध 3 अभ्यार्थियों को बुलाया जावेगा। अंतिम चयन सूची अभ्यर्थी के प्रमाण पत्र एवं अनुभव प्रमाण पत्र के सत्यापन पश्चात् पृथक से जारी की जावेगी।

6 चयनित अभ्यर्थी का कार्यभार ग्रहण करते समय समस्त प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियां विभाग को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।

7 प्रमाण पत्रों/दस्तावेजों की वैधानिकता प्रमाणित करने का भार अभ्यर्थी पर होगा । उपर उल्लेखित शर्तो के संबंध में कोई भी अभ्यावेदन मान्य नहीं होगा ।

संयुक्त संचालक
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री
अटल नगर, नवा रायपुर

8 चयनित अभ्यर्थी को पुलिस व्हेरीफिकेशन कराने तथा जिला चिकित्सालय के चिकित्सा बोर्ड से स्वास्थ्य फिटनेस प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के पश्चात ही सेवा में लिया जावेगा ।

9 उपरोक्त पदों हेतु नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी संचालक मुद्रण तथा लेखन सामग्री नवा रायपुर अटल नगर है तथा नियुक्ति आदेश नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा जारी की जावेगी यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी नियुक्ति है ,अतएव नियुक्ति के शर्तो के अनुसार किसी भी समय संबंधित नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा सेवा समाप्त की जा सकती है ।

10 चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति तीन वर्ष की परिवीक्षा पर ही की जावेगी। छत्तीसगढ शासन वित्त विभाग के वित्त निर्देश 33/2023 अनुसार ही परिवीक्षावधि में वेतन देय होगा ।

11 चयन एवं नियुक्ति की कार्यवाही मुद्रण तथा लेखन सामग्री तृतीय श्रेणी (अलिपिकीय) सेवा भर्ती नियम 2011 के अधीन यथा संशोधित एवं शासन द्वारा समय समय पर जारी आदेशों/निर्देशों के अनुसार होगी ।

12 उपरोक्त पदों के लिए विभाग द्वारा पदवार मेंरिट सूची जारी की जावेगी। मेरिट सूची एवं अनुभव के सही पाये जाने को आधार मानते हुए पद भरे जायेगें। अनुभव प्रमाण पत्र मे वर्ष का आशय विभिन्न तिथियों में किए गए कार्य को जोडकर या एक साथ लेने पर पूर्ण वर्ष होना चाहिए। (उदाहरण स्वरूप पूर्ण वर्ष की गणना प्रारंभ किए गए कार्य से अंतिम किए गए कार्य की अवधि तक होगी।)

13 आपके द्वारा अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत की जावेगी उसकी जांच नियोक्ता कार्यालय से कराई जावेगी । अनुभव प्रमाण पत्र असत्य या फर्जी पाये जाने पर संबंधित अभ्यर्थी एवं अनुभव प्रमाण पत्र प्रदाता के विरूद्व अपराधिक प्रकरण दर्ज कराई जावेगी ।

14 महिलाओं को नियमानुसार हारिजोन्टल आरक्षण दिया जावेगा । किसी कारणवश महिला अभ्यर्थी का चयन न होने पर यदि पद रिक्त रह जाता है तो ऐसे पद अग्रणीत नहीं किये जायेगे वरन् उसी प्रवर्ग के पुरूष उम्मीद्वार द्वारा भरे जा सकेंगे जिस प्रवर्ग के लिये आरक्षित है ।

15 उपरोक्त पदों पर चयन के समय अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रिमीलेयर) के अभ्यर्थी को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। नहीं होने की स्थिति में आपकों आरक्षण का लाभ प्रदाय नहीं होगा ।

16 उपरोक्त विज्ञापित पदों के लिए की जाने वाली चयन उपरांत नियुक्ति माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में दायर एस0 एल0 पी0 (सी) क्रमांक 19668/2022 के अंतिम आदेश/निर्णय के अध्यधीन होगी ।

17 व्यापम का दायित्व मात्र परीक्षा आयोजित कर परीक्षा परिणाम जारी करने तक सीमित रहेगा। मेरिट के आधार पर एवं अनुभव प्रमाण पत्र के आधार चयन/नियुक्ति की प्रक्रिया विभाग द्वारा की जावेगी।

18 छत्तीसगढ शासकीय मुद्रणालय में कार्यरत् संविदा/दै.वे.भो./अन्य कर्मचारी विज्ञापन में अंकित पद पर कार्य किया है इस स्थिति में उन्हे कार्यानुभव प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी से प्रस्तुत करने पर पृथक से 5 (पांच) अंक दिया जावेगा। तत्पश्चात् विभाग द्वारा मेरिट लिस्ट पृथक से जारी की जावेगी। (विज्ञापित पद में दर्शाये गये अवधि का अनुभव प्रमाण पत्र होना आवश्यक है)

19 परीक्षा पाठ्यक्रम तथा परीक्षा हेतु आनलाईन आवेदन की विधि तथा परीक्षा संचालन संबंधी निर्देश व्यापम की वेबसाइट vyapamcg.cgstate.gov.in पर देखा जा सकता है ।

संयुक्त संचालक
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री
अटल नगर, नवा रायपुर